


नवभारत 04
इंदौर, शनिवार, 31 जनवरी, 2026


# अंधे कत्ल का थांदला पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा

**झाबुआ. 28 जनवरी को दोपहर 12:00 बजे डायल 112 पर सूचना प्राप्त हुई कि कैलाश पिता रायचंद माल, उम्र 25 वर्ष, का शव उसके ही घर में पाया गया है। सूचना मिलते ही तत्काल एसडीओपी थांदला एवं थाना प्रभारी थांदला पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे। प्रकरण संदिग्ध प्रतीत होने के कारण अत्यंत संवेदनशीलता के साथ सभी साक्ष्य संकलित किए गए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गला दबाकर की गई हत्या बताया गया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना थांदला में अपराध क्रं. 35/2026 धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता का पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।**



घटना का कोई प्रत्यक्षदर्शी न होने के कारण यह मामला एक चुनौतीपूर्ण अंधा कत्ल बन गया था। इस अपराध को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गंभीरता से लेते हुए जिले की साइबर टीम एवं अन्य पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीमों के सतत प्रयासों से 24 घंटे के भीतर आरोपीया मृतक की पत्नी को गिरफ्तार किया गया है। उक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक अशोक कनेश, उनि नरेश निनामा, सउनि हरेसिह मुवेल, सउनि शेलेन्द्र शुक्ला , प्र.आर. 01 राजेन्द्र रावत ,आरक्षक 417 मदन, आरक्षक 486 शंकर चरपोटा म.आर. 73 अंजली रावत का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की।

जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि घटना दिनांक 28 जनवरी को मृतक कैलाश अपनी पत्नी के साथ शादी समारोह में गया था। शादी में नाचने को लेकर पत्नी को मना करने पर दोनों के बीच विवाद हुआ। पति कैलाश पहले से ही पत्नी पर चरित्र शंका करता था। इसी विवाद को लेकर गुस्से में आकर पत्नी ने रात में घर पर पास में रखी पगड़ी की रस्सी बनाकर मृतक कैलाश का गला घोंट दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

## एक नजर में

### स्व. अजित पवार को श्रद्धांजलि



इंदौर. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के इंदौर कार्यालय में महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय अजित दादा पवार को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई. इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह पवार ने कहा कि पार्टी ने जन-जन के नेता को खो दिया है. अजित दादा पवार का व्यक्तित्व सभी को साथ लेकर चलने वाला था. उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में महाराष्ट्र की राजनीति को दिशा दी और लंबे समय तक उपमुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश की प्रगति में अहम योगदान दिया. उनका जाना पार्टी के साथ-साथ व्यक्तिगत रूप से भी अपूरणीय क्षति है. इस मौके पर ज्योतिषाचार्य घनश्याम ठाकुर ने कहा कि उनके निधन से महाराष्ट्र की जनता के लिए बड़ा नुकसान है. श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नीरज सिंह पवार, चंदा राय (संभागीय अध्यक्ष), हिम्मत सिंह ठाकुर (संभागीय अध्यक्ष), देवेंद्र सिंह राजावत (इंदौर अध्यक्ष), केके तिवारी (संगठन मंत्री), उल्हास बेताला (प्रदेश अध्यक्ष, जैन समाज), सचिन जैन, पराग श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### डीएफए रायसेन मैच जीतकर महिला फुटबॉल के अगले दौर में



महू. मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन एवं एडहॉक इंदौर जिला फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में स्व. भगवानदास शर्मा एवं प्रख्यात फुटबॉलर स्व. शंकरराव नवग्रहे (शंकर दादा) की स्मृति में आयोजित ऑल इंडिया सीनियर महिला फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को एक शानदार रोमांचक मुकाबला खेला गया. इसमें डीएफए रायसेन की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर 3-0 से विजय हासिल कर प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया. खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन के लिए अतिथि के रूप में इंदौर जिला फुटबॉल संघ के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष अशोक पिल्ले, जेसी खोड़े, सुरेश डामोर, प्रवीण कांबले, मो. इनामुलहक, शेख सलीम खान, अशोक डागर, गोपाल धवन, प्रख्यात फुटबॉलर ओपी बाथम, सुरेश पाल उपस्थित रहे. यह जानकारी प्रतियोगिता के संयोजक नीरज शर्मा एवं अमित शुक्ला ने दी.

### हर्षिता सैनी सहित 10 छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



महू. इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित प्रथम वार्षिक मुखर्जी स्मृति व्याख्यान के अवसर पर लिटिल एंजेल स्कूल महू की प्रतिभाशाली छात्रा हर्षिता गौरीशंकर सैनी सहित 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. लिटिल एंजेल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा डॉ. बप्पादित्य मुखर्जी (यूएसए से पीएचडी, लिटिल एंजेल इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में प्रोफेसर) के नेतृत्व में आयोजित यह कार्यक्रम शैबाल कुमार मुखर्जी की स्मृति में आयोजित किया गया था. शैबाल कुमार भारतीय सेना एवं आईएएस में सेवारत सम्मानित अधिकारी थे. नागरिक भागीदारी, सार्वजनिक-निजी साझेदारी एवं सामाजिक मुद्दों पर केंद्रित इस व्याख्यान में डॉ. निवेदिता पी. हरण (आईएएस, सेवानिवृत्त, 1980 बैच) ने भारत के निर्वाचन आयोग की वर्तमान भूमिका : एसआईआर प्रक्रिया पर मुख्य व्याख्यान दिया.

### दो दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन आज से



महू. उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल द्वारा प्रायोजित पर्यावरण, पारिस्थितिकी और अंतरिक्ष मौसम विषय पर दो दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन शासकीय महाविद्यालय में 30 एवं 31 जनवरी को किया जा रहा है. यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा ने दी. उन्होंने बताया कि यह सेमीनार भूगोल एवं भौतिक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रहा है. महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार ने बताया कि सेमिनार के माध्यम से विश्व स्तरीय पर्यावरणीय समस्याओं, असंतुलित पारिस्थितिकी और अंतरिक्ष मौसम जैसे ज्वलंत एवं सम सामयिक विषयों पर मंथन किया जाएगा. सेमीनार के संयोजक डॉ. संजय सोहनी ने बताया कि मुख्य अतिथि विधायक सुश्री उषा ठाकुर एवं प्रखर रहेंगी. संगोष्ठी के सहसंयोजक डॉ. मनोज नागर ने बताया कि इस सेमीनार में हरियाणा, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, मेघालय, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों के साथ-साथ मध्यप्रदेश के अनेक जिलों से 200 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित होंगे.

# नोडल अधिकारी ने बायो रिसोर्स सेंटर ग्राम फाटा की महिला से किया संवाद

**आलीराजपुर** । केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की नोडल अधिकारी सुश्री निधि केशरवानी ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निरीक्षण हेतु आलीराजपुर जिले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों एवं जैविक उत्पादों के निर्माण में कार्यरत महिलाओं से संवाद कर उनके हुनर और कार्यप्रणाली की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान ग्राम फाटा स्थित साईं बाबा बायो रिसोर्स सेंटर में श्रीमती गनबाई मौर्य द्वारा तैयार की जा रही जैविक खाद एवं प्राकृतिक दवाइयों के निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया। जिसमें जीवामृत, नीमास्त्र एवं ब्रह्मास्त्र जैसी प्राकृतिक दवाओं का प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी सुश्री निधि केशरवानी एवं कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने बायो रिसोर्स सेंटर में उपस्थित दीदियों से संवाद कर प्राकृतिक और जैविक खेती के लाभ, लागत, जैविक खेती में उनके प्रयोग तथा फसलों पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों को लेकर विस्तृत चर्चा की। श्रीमती गनबाई मौर्य ने बताया कि इन प्राकृतिक उपायों के नियमित उपयोग से फसल उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ भूमि की उर्वरता एवं जीवांश कार्बन में भी सुधार हुआ है। साथ ही केंचुओं से तैयार की जा रही खाद ,गोबर खाद एवं खेत में उगाए गए सिंदूर के पेड़ का भी अवलोकन किया गया ।समूह की दीदियों द्वारा तैयार किए गए स्थानीय व्यंजन उड़द दाल के बड़े, चिले (स्थानीय भाषा में ताये) एवं ताड़ के पेड़ से प्राप्त देशी पेय ताड़ी का स्वाद भी लिया।

भ्रमण की अगली कड़ी में नोडल अधिकारी सुश्री निधि केशरवानी एवं कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा आलीराजपुर विकासखंड के ग्राम लक्ष्मणी में ऑयल मिल का निरीक्षण किया। यह ईकाई प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना से लाभ प्राप्त कर श्री पंकज भयडीया द्वारा स्थापित की गई। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी द्वारा श्री पंकज से ऑयल मिल स्थापना से लेकर, उत्पाद बनाने, विपणन से संबंधित सभी पहलुओं पर बारीकी से चर्चा भी की और उनके कार्य की सराहना करते हुए आगे इसी तरह कड़ी मेहनत करने के लिए शुभ कामनाएं दी।

# सुरक्षित सड़क, सुरक्षित भविष्य : छात्र-छात्राओं को मिला सड़क सुरक्षा का व्यवहारिक प्रशिक्षण

**आलीराजपुर। पुलिस मुख्यालय क्क्षत्रद्ध भोपाल के निर्देशानुसार 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला आलीराजपुर में लगातार जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है।**

इसी क्रम में शुक्रवार 30 जनवरी 2026 को जिला मुख्यालय पर जिला परिवहन अधिकारी कृतिका मोहटा के नेतृत्व में यातायात पुलिस आलीराजपुर की संयुक्त सहभागिता से विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत एनसीसी कैडेट्स को 'यातायात मित्र' बनाकर उन्हें यातायात नियमों का प्रशिक्षण दिया गया। इसके पश्चात कॉलेज परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मानव श्रृंखला बनाई गई, जिससे युवाओं को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया ।प्रशिक्षण के बाद एनसीसी कैडेट्स को आलीराजपुर-दाहोद रोड पर प्रायोगिक तौर पर वाहन चेकिंग की प्रक्रिया समझाई गई। इस दौरान उन्हें यह जानकारी दी गई कि वाहन के साथ कौन-कौन से आवश्यक दस्तावेज होना अनिवार्य हैं, दस्तावेज न होने पर किस प्रकार की चालानी एवं कानूनी कार्यवाही की जाती है, तथा यातायात को कैसे सुगम और सुरक्षित बनाया जा सकता है। इसके साथ ही शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात मित्रों के सहयोग से आवागमन को सुव्यवस्थित किया गया।





### यातायात नियमों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित शहीद श्री छितुसिंह किराड़ शासकीय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए यातायात नियमों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 7 छात्रों एवं 5 छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप उच्च गुणवत्ता के हेलमेट प्रदान किए गए। साथ ही सभी उपस्थित विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने और अपने परिचितों व रिश्तेदारों को भी जागरूक करने की समझाइश दी गई। लगभग तीन घंटे चले इस कार्यक्रम में सभी एनसीसी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी कृतिका मोहटा, इन्द्रजीत सेनगुप्ता, यातायात प्रभारी सूबेदार अर्जुनसिंह वास्केल, सउनि. भारत चौहान, सउनि. किरण चौहान, प्र.आर. थानसिंह, प्र.आर. मेहताबसिंह, आर. प्रशांत, आर. प्रकाश, आर. भवानी एवं आर. पिंकु सहित यातायात विभाग का अमला उपस्थित रहा।

# देवझिरी जैन तीर्थ पर ध्वजारोहण एवं माणीभद्र वीर हवन महोत्सव 1 फरवरी को

**झाबुआ।** जिले के देवझिरी जैन तीर्थ में माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर 1 फरवरी को ध्वजारोहण एवं माणीभद्र वीर हवन पूजन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह महामंगलकारी कार्यक्रम तीर्थ प्रेरक परम पूज्य आचार्य श्री सुयश सूरीश्वरजी मसा की प्रेरणा से तथा गच्छाधिपति राष्ट्रसंत शिरोमणि आचार्य श्रीमद् विजय हेमेन्द्र सूरीश्वरजी मसा की परंपरा की विदुषी साध्वी श्री पुष्पाश्रीजी मसा की सुशिष्या पपू साध्वी रत्नरेखा श्रीजी मसा आदि ठाणा-3 की पावन निश्रा में संपन्न होगा।



कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6 बजे भक्तामर पाठ से होगी। पश्चात् 7 बजे स्नात्र महोत्सव पूजन, 7.30 बजे नवकारसी, 9 बजे सत्तरभेदी पूजन किया जाएगा। 10.30 बजे आदिनाथ प्रभु के शिखर पर ध्वजारोहण, चैत्यवंदन एवं आरती होगी। ध्वजारोहण का लाभ बग परिवार भांडुप मुंबई द्वारा लिया जाएगा। दोपहर 11.30 से 1.30 बजे तक स्वामीवात्सल्य का आयोजन होगा। 12.39 बजे कुंभ एवं दीपक स्थापना तथा 1.30 बजे श्री माणीभद्र वीर हवन, आहूतियां, पूर्णाहुति एवं आरती संपन्न होगी। ट्रस्ट मंडल ने समस्त श्रद्धालुओं से सपरिवार पधारकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### प्लॉट बेचकर कब्जा नहीं दिया चार पर धोखाधड़ी का केस

इंदौर. तिलकनगर थाना क्षेत्र में प्लॉट का विक्रय कर राशि लेने के बावजूद कब्जा नहीं देने और बाद में धमकी देने का मामला सामने आया है. फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस के अनुसार संतोष शाह पिता सुरेन्द्र शाह, निवासी महावीर नगर ने शिकायत में बताया कि आरोपियों पंकज जैन, संजय ओझा और रमेश जैन द्वारा ग्राम पिपलियाहाना स्थित उदय नगर कॉलोनी के प्लॉट नम्बर 52, रकबा 900 वर्गफुट का सौदा किया था. आरोपियों ने अलग-अलग तारीखों में 15 लाख 6 हजार रुपये लेकर विक्रय पत्र भी करवा दिया, लेकिन आज तक प्लॉट का कब्जा नहीं दिया. फरियादी ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी पंकज जैन द्वारा भेजे गए दो अज्ञात व्यक्तियों ने शिकायत वापस लेने और दस्तावेज सौंपने का दबाव बनाते हुए परिवार को जान से मारने की धमकी दी. शिकायत पर तिलकनगर पुलिस ने धारा 420 और 406 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी.



# स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में जिला कार्यालय में 2 मिनट का मौन धारण

**आलीराजपुर । भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में जिला कार्यालय परिसर में 2 मिनट का मौन धारण किया गया।**

कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल की उपस्थिति में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को स्मरण किया। मौन धारण कर सभी ने देश की स्वतंत्रता एवं अखंडता के लिए शहीदों के अतुलनीय योगदान को नमन किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी श्री तपिस पांडे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री दीपिका पाटीदार तहसीलदार श्रीमती सविता राठी, तहसीलदार श्रीमती मंजु डावर सहित जिला कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पूर्व उप संचालक के खिलाफ ईडी ने जांच की तेज

▶ आय से अधिक संपत्ति का मामला

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में पदस्थ रहे तत्कालीन संभागीय उप संचालक अशोक शर्मा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच तेज कर दी है. ईडी की जांच में सामने आया है कि आरोपी ने वर्ष 1998 से 2010 के बीच अपने पद का दुरुपयोग करते हुए 1 करोड़ 64 लाख रुपए की संपत्ति अपनी ज्ञात आय से कहीं अधिक अर्जित की.

ईडी की अधिकृत जानकारी के अनुसार आरोपी ने अवैध रूप से अर्जित इस राशि को परिवार के सदस्यों के विभिन्न बैंक खातों में घुमाकर (लेयरिंग) उसे वैध दिखाने का प्रयास किया. इसी काली कमाई से कई अचल संपत्तियां खरीदी गईं, ताकि अपराध से अर्जित धन को स्वच्छ संपत्ति के रूप में प्रस्तुत किया जा सके. इस मामले में ईडी द्वारा पहले ही 25 मार्च 2025 को प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर (पीएओ) जारी किया जा चुका है. इसके तहत आरोपी के परिजनों के नाम दर्ज तीन अचल संपत्तियों को कुर्क किया है, जिनकी कीमत लगभग 95 लाख रुपए बताई गई है. ईडी अधिकारियों का कहना है कि यह संपत्तियां अपराध से अर्जित धन से खरीदी गई थीं. फिलहाल मामले में आगे की जांच जारी है और अन्य संपत्तियों व लेन-देन की भी पड़ताल की जा रही है.

## एक नजर में

### प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की समीक्षा बैठक केंद्रीय नोडल अधिकारी निधि केशरवानी की अध्यक्षत में संपन्न हुई

# जिले में प्राकृतिक खेती के लिए तीन क्लस्ट बनाए गए है : केंद्रीय नोडल अधिकारी केशरवानी

**आलीराजपुर । प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक कृषि विज्ञान केंद्र,आलीराजपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय नोडल अधिकारी आईएएस सुश्री निधि केशरवानी एवं कलेक्टर नीतू माथुर द्वारा की गई।**

बैठक में कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देशन में कृषि विभाग के उप संचालक सज्जन सिंह चौहान ने जिले की कृषि स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि आलीराजपुर जिले में अधिकांश किसान परंपरागत खेती करते हैं, जहां प्रमुख फसलें उड़द, मक्का, ज्वार, बाजरा, मोटे अनाज, कपास एवं सोयाबीन हैं। इंटर-क्रॉपिंग, उर्वरकों के सीमित उपयोग तथा आम की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। आम उत्पादक किसानों ने बिग बास्केट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ एमओयू भी किए हैं। जिले में मिलेट्स की खेती व्यापक स्तर पर हो रही है, जिसका स्थानीय उपभोग नागरिकों के स्वास्थ्य को बेहतर बना रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कृषि से जुड़े सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है तथा जिला स्तरीय समिति का गठन कर नियमित बैठकों एवं डैशबोर्ड के माध्यम से सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। केंद्रीय नोडल अधिकारी सुश्री निधि केशरवानी ने प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत गठित एफपीओ, प्राकृतिक खेती, भावांतर योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, डेयरी उत्पादन, केसीसी, पैक्स, वाटरशेड, उद्यानिकी विभाग की योजनाएं तथा आजीविका मिशन सहित सभी योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में बताया गया कि जिले में प्राकृतिक खेती के लिए तीन क्लस्टर बनाए गए हैं, जिनमें लक्ष्य के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। कृषि सखियां प्राकृतिक खेती अपनाकर लाभ कमा रही हैं तथा अन्य किसानों को भी प्रेरित कर रही हैं। नोडल अधिकारी सुश्री केशरवानी ने कृषि सखी से प्राकृतिक खेती के अनुभव भी जाने।





### किसान समूहों को सुदृढ़ करें

बैठक में केंद्रीय नोडल अधिकारी सुश्री निधि केशरवानी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना को संगठित स्वरूप में आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना की वास्तविक सफलता तभी है जब किसान प्रशिक्षण के बाद स्वयं आत्मनिर्भर होकर खेती करें। उन्होंने आगे कहा कि विभिन्न विभागों की योजनाओं को आपस में लिंक करे, किसान समूहों को सुदृढ़ करें तथा फसल विपणन को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दें। बैठक के पश्चात केंद्रीय नोडल अधिकारी एवं कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में प्राकृतिक खेती से लगाई गई फसलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. राकेश यादव, आत्मा परियोजना के दादू मोरे सहित कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।